मालवा फर्स्ट
समाचार पत्र के शुभारंभ पर
सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

# मालवा फर्स्ट
MALWA FIRST

RNI NO. MPHIN38290 (TC)
संपादक: ऐश्वर्य शर्मा

नीमच, सोमवार
27 फरवरी 2023
वर्ष 01, अंक 01 - मूल्य 02 रूपए

E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866

| Commodity: | Gold | Silver | Crude Oil | Natural Gas | Aluminium | Copper |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 55,416 | 63,450 | 6,355 | 212,00 | 205,60 | 759,40 |

## नीमच एचडीएफसी बैंक में 6 करोड़ से अधिक का घोटाला

### सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा, कर्मचारी ने गबन की बात स्वीकारी, डेढ़ करोड़ लौटाकर हुआ फरार




**नीमच।** शहर मैं स्थित एचडीएफसी बैंक नीमच शाखा में कर्मचारी द्वारा करीब 6 करोड़ से अधिक का घोटाला करने का मामला सामने आया है जिसमें बैंक कर्मचारी द्वारा कैश डिपॉजिट मशीन से रुपए गायब करने की बात भी सामने आई है जानकारी के अनुसार एचडीएफसी बैंक नीमच शाखा मैं रितेश ठाकुर नामक व्यक्ति की ड्यूटी बैंक की कैश डिपॉजिट मशीन से रुपए निकालने की थी। कैश डिपाजिट मशीन से जितना रुपए निकलता था रितेश ठाकुर उतने रुपए बैंक के कैश काउंटर पर जमा ना कराते हुए कुछ राशि अपने पास रख लेता था जिसका खुलासा भी बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज में हुआ है।

उक्त मामले को लेकर एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ अधिकारी रतलाम डिविजन मैनेजर नवीन पिता कृष्ण प्रसाद निवासी शक्तिनगर नीमच की रिपोर्ट पर कैंट पुलिस ने नीमच शाखा में कार्यरत कर्मचारी रितेश पिता राजेंद्र ठाकुर निवासी जबलपुर हाल मुकाम शक्तिनगर के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन करने की विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

जानकारी में यह भी सामने आया है कि विगत तीन-चार दिनों से नीमच एचडीएफसी बैंक में करोड़ों के घोटाले के मामले को लेकर एचडीएफसी के आला अधिकारी भी जांच पड़ताल में जुटे हुए थे।जानकारी में यह भी सामने आया है कि बैंक कर्मचारी रितेश ठाकुर ने बैंक अधिकारियों के सामने बैंक से रुपए गबन करने की बात स्वीकार की है और करीब डेढ़ करोड़ रुपए बैंक अधिकारियों को लौटा भी दिए हैं और बाकी राशि लौटाने के लिए उसने समय भी मांगा था इसके बाद जब बैंक अधिकारियों ने रितेश ठाकुर को कुछ समय के लिए छोड़ा तो वह अपने परिवार सहित शक्ति नगर स्थित मकान से फरार हो गया।उक्त मामले में कैंट थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह सिसोदिया से मिली जानकारी के अनुसार एचडीएफसी बैंक रतलाम डिविजन मैनेजर रिपोर्ट पर नीमच ब्रांच के कर्मचारी रितेश ठाकुर के खिलाफ 6 करोड़ से अधिक रुपए गबन करने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है फिलहाल आरोपी फरार है।

### काम की खबर

#### विकास यात्राओं में 4 लाख 88 हजार से अधिक नागरिकों की समस्याओं का समाधान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकास यात्राओं में निरंतर हो रहे विकास कार्यों के लोकार्पण और नए कार्यों के शिलान्यासों से प्रदेश में सृजन का नया वातावरण बना है। विकास यात्राओं में बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं का समाधान भी हो रहा है। मुख्यमंत्री चौहान श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौध-रोपण के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि विकास यात्रा में अब तक 27 हजार 421 लोकार्पण तथा 20 हजार 676 शिलान्यास हुए हैं। साथ ही 4 लाख 88 हजार 146 भाई-बहनों की समस्याओं का सकारात्मक समाधान हुआ है।

#### कलेटर एवं एसपी की उपस्थिति में सडक सुरक्षा समिति की बैठक

**नीमच।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सुरज कुमार वर्मा की उपस्थिति में सडक सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टोरेट नीमच में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में एडीएम नेहा मीना, यातायात प्रभारी मोहन भर्रावत , आर.टी.ओ. रितु अग्रवाल व समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने आरटीओ को निर्देश दिए, कि वे यात्री बसों में पेनिक बटन व सीसीटीवी कैमरा लगवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि टीएल की मीटिंग में सभी जिला अधिकारियों को यातायात नियमों के पालन करने के लिए जागरूक किया जाये। जागरूकता संबंधी जानकारी दी जाये। आगामी बुधवार को कार्यालय खुलने के समय में यातायात नियमों के पालन के लिए परिवहन व पुलिस विभाग व्दारा संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया जावेगा। बैठक में हरखिलयाखाल फंटे पर हाईमास्क लाईटिंग की व्यवस्था करने, जमुनियाकलां के पास संर्कीण पुलिया पर संकेतक लगाने, बस स्टेण्ड नीमच की पुलिया पर लाईट लगाने संबंधी विषयों पर भी चर्चा की गई।

#### आदर्श ग्राम पंचायत के मॉडल का प्रदर्शन

**नीमच।** जिले के जावद में एसडीएम शिवानी गर्ग द्वारा आदर्श ग्राम पंचायत के मॉडल को तैयार करवा कर, उसका गांव-गांव में प्रदर्शन करवाया जा रहा है। इस मॉडल के माध्यम से बच्चों को आदर्श ग्राम पंचायत में उपलब्ध सुविधाओं पवन चक्की, सौर ऊर्जा, रोड,स्ट्रीट लाइट, अस्पताल, मांगलिक भवन, आंगनवाड़ी, चौपाल, शौचालय, पानी की टंकी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी मिल सकेगी। मॉडल में आदर्श ग्राम पंचायत में उपलब्ध सुविधाओ का बेहतर ढंग से चित्रण किया गया है।

#### विकास यात्रा से विकास को ओर भी गति मिलेगी- श्री परिहार

**नीमच।** विकास यात्रा के माध्यम से प्रदेश सरकार व्दारा किए गए विकास कार्यो को गांव-गांव, जन-जन तक पहुंचाने का सफलतम प्रयास हुआ है। विकास यात्रा से विकास के नये व्दार खुलेंगे और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। यह बात नीमच क्षेत्र के विधायक दिलीप सिह परिहार ने शनिवार को टाउनहॉल नीमच में गत 5 फरवरी से प्रारंभ हुई विकास यात्रा के टाउन हॉल नीमच में आयोजित भव्य समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। विकास यात्रा का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोकगीतों की प्रस्तुति एवं नीमच शहर की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धी अर्जित करने वाली प्रतिभाओं के सम्मान के साथ हुआ। समारोह में बडी संख्या में जन सैलाब उमडा और पूरा टाउन हॉल खचाखच भर गया।

## जमुनियाकला में निकली भव्य ध्वजा यात्रा,हनुमान चालीसा पाठ का लिया संकल्प



**नीमच।** पूर्णाहुति आयोजन 31वे सुंदरकांड में नीमच जिले के सर्व समाज एवम सभी बालाजी भक्तों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नीमच जिले के 131 हनुमान मंदिरों की धर्म ध्वजाओं के आमंत्रण की कड़ी में श्री लंका विजय बालाजी मंदिर जमुनियाकलां पर सामूहिक भक्तिमय हनुमान चालीसा का (7 बार) पाठ किया गया। सर्व कल्याण एवम जन जागरण का यह अद्भुत एवम अनूठा आयोजन धर्मनगरी जमुनिया कला में आयोजित हुआ जिसमे दलावदा, अरनिया मानगिर, हिंगोरिया, चंपी , लांछ, लखमी, जमुनिया खुर्द, हनुमंतिया, बरखेड़ा हाड़ा सहित जमुनियाकला के सभी हनुमान मंदिरों की सनातन धर्म ध्वजाएं बालाजी भक्तों के साथ भक्तिभाव से श्री लंका विजय बालाजी मंदिर पहुंची, जहां पर सभी ध्वजाओं का विधि विधान से पूजन किया गया।तत्पश्चात श्रीलंका विजय बालाजी सहित सभी धर्म ध्वजाएं जमुनिया कला नगर भ्रमण करने निकली।नगर में निकली इस भव्य ध्वजा यात्रा में सम्मिलित सैंकड़ों बालाजी भक्त बालाजी की जय जय कार करते नाचते गाते हुए हर्षोल्लास के साथ पुन: श्री लंका विजय बालाजी मंदिर पहुंचे।जहा उपस्थित बालाजी भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से बड़े ही भक्तिभाव से हनुमान चालीसा का पाठ कर बालाजी महाराज से सर्व कल्याण की प्रार्थना की गई।

सामूहिक हनुमान चालीस पाठ में बड़ी संख्या में बच्चे, मातृशक्ति एवम सर्व समाज जन सम्मिलित हुए। सर्व कल्याण के लिए 31 सुंदरकांड, ध्वजापूजन, भारत माता आरती एवम कोरोना योद्धा सम्मान समारोह के लिए संकल्पित पंडित शैलेष प्रमिला जोशी द्वारा उपस्थित सभी बालाजी भक्तों को प्रतिदिन हनुमान पाठ का संकल्प दिलाते हुए 31वे आयोजन में सहभागी होने के लिए भी आग्रह किया गया।हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात बालाजी महाराज एवम भारत माता की महा आरती का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

## मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत नीमच में विवाह सम्मेलन आयोजित



**नीमच।** सामाजिक न्याय एव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत नीमच शहर के वात्सल्य भवन के में विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे 8 हिंदू जोड़ो की विधि विधान से शादी कराई गई वही 3 निकाह कराए गए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना चलाई जा रही है बहुत ही महत्वपूर्ण योजनाएं इस योजना का लाभ ले सके बेटियो के मामा मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा यह योजना बहुत ही अच्छी चली जा रहीं है सुबह से ही सभी दूल्हा दुल्हन पक्ष वात्सल्य भवन पहुंचे और सात फेरे लेकर शादी के पवित्र बंधन में बंधे सभी वर वधू को आशीर्वाद देने के लिए विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा, एडीएम नेहा मीणा, एडिशनल एसपी सुंदर सिंह कनेश ,जिला पंचायत सीईओ गुरुप्रसाद ,जनपद अध्यक्ष शारदा बाई धनगर ,एसडीएम ममता खेड़े ,सीएमओ गरिमा पाटीदार, आदि कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी पहुंचा और वर वधू को आशीर्वाद दिया.

## थाना जीरन पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले के खिलाफ की कार्यवाही


**नीमच।** पुलिस अधीक्षक, जिला नीमच सुरज कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सुन्दरसिंह कनेश एवं नपुआ फुलसिंह परते के निर्देशन तथा जीरन थाना प्रभारी निरीक्षक कन्हैयालाल दांगी के नेतृत्व मे जीरन पुलिस के द्वारा गणेश मंदिर तिराहे पर वाहन चेकिंग करते मोटर सायकल हिरो एचएफ डीलक्स कमांक एमपी 44 एम ज 5910 के चालक विनोद पिता प्रकाश भाट उम्र 29 साल निवासी धनेरियाकला थाना बघाना जिला नीमच द्वारा तीन सवारी बैठाकर नशे शराब में बाईक चलाते पाये जाने व मोके पर कोई दस्तावेज पेश नही करने पर धारा-185, 128 /177, 3 / 181, 39 / 192 ,146/196 तहत कार्यवाही कर मोटर सायकल को जप्त किया गया।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीर सावरकर की पुण्य-तिथि पर नमन किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वातंत्र्य वीर सावरकर की पुण्य-तिथि निवास कार्यालय सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

विनायक दामोदर सावरकर महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, इतिहासकार, राष्ट्रवादी नेता तथा विचारक थे। उनका जन्म 28 मई 1883 को महाराष्ट्र में नासिक के निकट भागुर गाँव में हुआ था। आर्थिक संकट के बावजूद विनायक सावरकर की उच्च शिक्षा की इच्छा पूरी हुई। उन्होंने अभिनव भारत सोसायटी नामक से क्रान्तिकारी संगठन की स्थापना की। वीर सावरकर को 6 बार अखिल भारतीय हिन्दू महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। उनको नासिक प्रकरण में कालापानी की सजा देकर सेलुलर जेल भेज दिया गया। सावरकर ने जेल में 10 वर्ष की लम्बी अवधि तक अत्याचार सहे। उनका अवसान 26 फरवरी 1966 को मुंबई में हुआ।

**ग्रीन नीमच**
**क्लीन नीमच**




## शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प हो रहा साकार



**नीमच।** नपाध्यक्ष चौपड़ा की पहल पर मोबाईल मित्र का हुआ शुभारंभ, अब 48 घंटे में हो जाएगा शिकायत का निराकरण।

हेल्पलाइन नंबर पर फोन करने या फ़ोटो भेजने के बाद तत्काल मिलेंगी गंदगी से निजात, 7477017747नंबर पर दर्ज़ करवाए अपनी शिकायत।

नीमच। नगर की प्रथम नागरिक नगरपालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चौपड़ा ने अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण करते वक्त शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प लिया था। श्रीमती चौपड़ा के प्रयासों से उनका यह संकल्प अब साकार होता नज़र आ रहा हैं, शहर में दिन-रात सफ़ाई कामगार शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए कार्य कर रहें हैं।



### विकास यात्रा में जावद क्षेत्र के ग्रामीणों से रूबरू हुए मंत्री सखलेचा

# लाडली बहना योजना से महिलाओं के जीवन में आर्थिक बदलाव आयेगा




**नीमच।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए लाडली बहना योजना प्रारंम्भ की जा रही है। इस योजना के तहत आगामी 5 मार्च 2023 से महिलाओं के आवेदन पत्र भरने का कार्य शुरू हो रहा है। सभी महिलाएं स्वंय आगे आकर लाडली बहना योजना के आवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर दें। लाडली बहना योजना से महिलाओं के जीवन में अभूतपूर्व आर्थिक बदलाव आयेगा। यह बात प्रदेश के एमएसएमई मंत्री ओप्रकाश सखलेचा ने जावद क्षेत्र के ग्रामा कमावास, हनुमंतिया, नागदा, सरवानिया मसानी, बोरखेडी, अचलावदा, खोर, गुजरखेडीतालाब, दामोदरपुरा, एंव कानका में विकास यात्रा के दौरान ग्राम चौपाल पर ग्रामीणजनों उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए कही। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष गोपाल चारण, श्याम काबरा, सचिन गोखरू, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंचगण, ग्रामीणजन उपस्थित थे। मंत्री सखलेचा ने विकास यात्रा के दौरान सरवानिया मसानी में 17.85 लाख, हनुमंतिया में 18.82 लाख के विभिन्न विकास एंव निर्माण कार्यो का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ पत्र भी वितरित किये। मंत्री सखलेचा ने विकास यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने का विश्वास दिलाते हुए संबधित अधिकारियों को उनका निराकरण कर , संबधित आवेदक अवगत कराने के निर्देश भी दिए। गॉव गॉव में विकास यात्रा के पहुचने पर ग्रामीण महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल कर, एमएसएमई मंत्री सखलेचा एंव विकास यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। मंत्री सखलेचा ने जावद क्षेत्र में डिजीटल शिक्षा, एंव स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए कार्यो के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, कि प्रदेश का पहला बायोटेकॉनोलाजी पार्क सरवानिया महाराज में बन रहा है। उन्होने कहा, कि प्रधानमंत्री की मंशा है, कि वर्ष 2024 तक सभी परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान उपलब्ध करवाया जाए। उन्होने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांधी सागर से नीमच जिले की नल जल योजना स्वीकृत हो कर कार्य प्रारम्भ हो गया है। जल्दी ही सभी गॉवों और घरों में नल द्वारा पीने का शुद्ध पानी 24 घन्टे मिलेगा।

मंत्री सखलेचा ने कहा, कि प्रदेश एंव केन्द्र सरकार ने समाज के सभी वर्गो के कल्याण के लिए योजनाएं लागू की है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना एंव प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को अलग अलग किश्तों में दस हजार रूपये की राशि का भुगतान किया जा रहा है। किसानों को 0 प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उज्जवला योजना के तहत घरेलू गैस सिलेण्डर प्रदान कर महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई गई। गरीबों को निशुल्क खादायन्न वितरित किया है।

## रावतपुरा में 34 लाख के कार्यो का लोकार्पण एवं 19.30 लाख के कार्यो का भूमिपूजन सेपन्न



**नीमच।** विधानसभा क्षेत्र मनासा में विकास यात्रा के 18वें दिन रावतपुरा ग्राम पंचायत से विकास यात्रा का शुभारंभ हुआ। यहां विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने 34.73 लाख के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण व 19.30 लाख के कार्यो का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्याम वसिठा, कैलाश पुरोहित, पिंटू वीरवाल, पड़दा सरपंच सुभाष श्रीमाल, दिलीप धनगर, सुरेश भट्ट, सरपच सुरेश रावत, सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मंचासीन अथितियों ने कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरपंच सुरेश रावत ने स्वागत भाषण देकर मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। विधायक अनिरुद्ध (माधव) मारू ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भेरपुरा में 25.47 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण नवगठित ग्राम पंचायत भेरपुरा में विकास यात्रा में 25.47 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण व 1.80 लाख की लागत से बनने वाले सामुायिक सोक पीट निर्माण का भूमिपूजन किया। विधायक मारू ने कहा, कि केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में गांव विकास को गति मिली है। भैरूपुरा, सुंडी, कुनिखम्मा ग्राम वासियों को पंचायत से संबधित काम काज के लिए पंचायत मुख्यालय दूर पड़ता था। आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यहां नवीन पंचायत बन गई। इससे ग्रामीणों को सुविधा होगी। पंचायत के बनते ही उक्त गांव में विकास की गति भी बढ़ गई है। भाटखेड़ी में मारू ने विकास यात्रा में 20.64 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सरपंच मनोज पुरोहित, सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

इसी तरह बालागंज में 23.15 लाख के कार्यो का लोकार्पण व 5 लाख के कार्यो का भुमिपूजन, जमुनिया रावजी में 3.43 के कार्यो का लोकार्पण व 10.6 लाख के कार्यो का भुमिपूजन, दाँतोली में 10.37 के लोकार्पण, मालखेड़ा में 6.87 लाख के कार्यो का लोकार्पण व 22.84 लाख के कार्यो का भूमिपूजन एवं पड़दा में 5.66 लाख के कार्यो का लोकार्पण व 17 लाख 56 हजार के विकास कार्यो का भुमिपूजन किया गया। ग्राम पंचायत पड़दा में विकास यात्रा का समापन हुआ। यहां सरपंच सुभाष श्रीमाल ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। जगह-जगह स्वागत द्वार लगाकर पुष्पवर्षा की गई।

# प्रदेश की पहली वंदे भारत ट्रेन जबलपुर-इंदौर के बीच अप्रैल से चलाने की तैयारी



**भोपाल।** रेलवे प्रशासन हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत जबलपुर से इंदौर के बीच अप्रैल में चला सकता है। यह ट्रेन रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर भी हॉल्ट लेगी। इसके लिए रेलवे तैयारियां कर रहा है। पहले यह ट्रेन फरवरी में चलाई जाना थी, लेकिन इसके लिए जो रैक आया था, वह महाराष्ट्र को दे दिया गया था। इस कारण मामला टल गया। अब इसे फिर से चलाने का खाका तैयार किया गया है। वंदे भारत ट्रेन 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती है। हालांकि इसकी स्पीड 160 किमी प्रति घंटे है, लेकिन तकनीकी कारणों से अभी इसे इतनी रफ्तार से नहीं चलाया जा रहा है। अभी तक हाई स्पीड ट्रेन शताब्दी एक्सप्रेस है, जो 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है, लेकिन इसे भी तकनीकी कारणों से 80 किमी से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के हिसाब से ही चलाया जा रहा है। वंदे भारत ट्रेन में वाई-फाई कंटेंट ऑन डिमांड की सुविधा दी गई है। हर कोच में 32 इंच की स्क्रीन है, जो यात्रियों को सूचनाएं देगी। वंदे भारत ट्रेन देश की प्रीमियम ट्रेनों में से एक है।

यह ट्रेन सेल्फ प्रोपेल्ड इंजन युक्त है, यानी इसे चलाने के लिए अलग से इंजन लगाने की जरूरत नहीं होती। दरवाजे ऑटोमैटिक हैं। इसमें 16 कोच होंगे। यह ट्रेन 52 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड पकड़ लेती है। दरवाजे ऑटोमैटिक हैं। एसी चेयर कार वाले कोच में रिवॉल्विंग चेयर हैं, जो 180 डिग्री तक घूम सकती है।

## विकास यात्रा में मिली खाद्यान्न पर्ची




**नीमच।** नीमच जिले मे आयोजित विकास यात्राओं का लाभ नागरिकों को मिल रहा है। गत दिनो विकास यात्रा नीमच क्षेत्र के गॉव धनेरिया कलां पहुची, तो खाद्यान्न की पात्रता पर्ची के लिए पिछले कई दिनो से परेशान साधना परमार को तत्काल पात्रता पर्ची मिल गई। विकास यात्रा में हाथों हाथ खाद्यान्न पात्रता पर्ची मिल जाने से वह बहुत खुश है। अब उसे आसानी से खाद्यान्न मिल सकेगा। साधना परमार विकास यात्रा में पात्रता पर्ची मिल जाने से खुश होकर मुख्यमंत्री शिवराज सिह चौहान को धन्यवाद दे रही है।

# मप्र के 25 हजार अफसरों का महंगा शौक

### 7.50 लाख तक की गाड़ी किराए पर रखने की पात्रता, अफसर 30 लाख तक रख रहे

**भोपाल।** आखिर शौक बड़ी चीज है और मध्यप्रदेश के अफसरों पर ये बात फिट बैठती है। यहां राज्य सरकार इस साल गाड़ी खरीदने और अफसरों के लिए गाड़ियां किराए पर लेने पर 225 करोड़ रु. खर्च करेगी। नई नीति के हिसाब से सरकार अब नई गाड़ियां खरीदने के बजाय पुरानी गाड़ियां किराए पर लेने को ज्यादा तवज्जो दे रही है। अफसरों को उनकी पात्रता के हिसाब से 5.50 लाख से 7.50 लाख रु. कीमत का वाहन किराए पर रखने की अनुमति है, लेकिन 25 हजार में से 5 हजार अफसर ऐसे हैं, जिनके पास 18 से 30 लाख तक की किराए की गाड़ियां हैं।

लोक निर्माण विभाग में इसकी शिकायत हुई तो मामला वित्त विभाग के पास पहुंचा। पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह ने जांच के आदेश दे दिए हैं। अब ये पता लगाया जा रहा है कि कौन अफसर अपनी पात्रता से ज्यादा महंगी गाड़ी में सफर कर रहा है। प्राथमिक जांच में ऐसे 10 हजार वाहन मिले हैं। जिनके किराए पर इसी साल 31 मार्च तक 100 करोड़ रु. का भुगतान हो जाएगा। पीडब्ल्यूडी में जो शिकायत मिली है, उसमें अफसरों ने 3 गुना ज्यादा कीमत के वाहन किराए पर रखे।





जिसका किराया 15 से 18 हजार रु. था, गाड़ी लग्जरी होने के कारण किराया 47 हजार रुपए महीना दिया गया। ऐसे भी मामले सामने आए हैं, जिनमें एक ट्रैवल एजेंसी को दो साल के किराए का भुगतान 11.33 लाख रु. किया गया। उसकी गाड़ी की कीमत चार साल में वसूल हो गई। ऐसे ही 10 हजार वाहनों के किराए पर इस साल 31 मार्च तक 100 करोड़ रु. खर्च हो जाएंगे। इस मामले की शिकायत एजीएमपी को भी की गई है, जिसमें पात्रता से ज्यादा खर्च किए जाने के मामले की जांच पर विचार चल रहा है। पीडब्ल्यूडी के 35 अफसरों की शिकायत, दो विभागों में जांच... सबसे ज्यादा पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने किराए के वाहनों पर पैसा खर्च किया है। ऐसे 35 अफसरों की शिकायत की गई है।

पीडब्ल्यूडी के एक मामले की शिकायत एजीएमपी को भी की गई है, जिसमें पात्रता से ज्यादा खर्च होने के मामले की जांच करने पर विचार चल रहा है। वित्त विभाग इस बात की भी जांच करवा रहा है कि ट्रैवल एजेंसियों द्वारा किराए पर दिए गए वाहन नंबर पर रजिस्टर्ड वाहन नियमानुसार है अथवा नहीं।



















## डोडाचूरा तस्कर को 10 साल का सश्रम कारावास, 1 लाख रुपए का जुर्माना

**मंदसौर।** के विशेष न्यायधीश एनडीपीएस एक्ट जितेंद्र कुमार बाजोलिया डोडाचूरा तस्करी के आरोपी रविंद्र सिंह (28) को डोडाचूरा तस्करी करने का दोषी पाते हुए 10 साल की जेल और 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा बताया कि दिनांक 5 दिसंबर 2015 को थाना पिपलियामण्डी एसआई राकेश चौधरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मंदसौर तरफ से एक सफेद रंग की ट्रक, जिसमें पीछे स्लेटी रंग की तिरपाल बंधी है। जिसका चालक रविंद्र सिंह उक्त ट्रक में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा लोड कर महू नीमच हाईवे रोड पर जा रहा है। तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की जाए तो सफलता मिल सकती है। सूचना पर पुलिस ने महू-नीमच हाइवे रोड पर वहीं चौपाटी पर नाकेबंदी कर मुखबिर के बताए हुलिए वाले ट्रक को रोककर चालक को हिरासत में लेने की कोशिश करने पर चालक ने भागने की कोशिश की पुलिस ने सब घेराबंदी कर पकड़ा। चालक ने अपना नाम रविंद्र सिंह बताया। ट्रक की तलाशी लेने पर 19 सफेद रंग के कट्टो में 395 किलो पिसा हुआ मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश किया था। मामले में 7 साल चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कारावास और 1 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

## सीएम हेल्पलाइनः जिले में 4738 शिकायतें लंबित, गंदगी जैसी शिकायतों का नहीं हो रहा निराकरण

**मन्दसौर।** सीएम हेल्पलाइन के संबंध में जिलावार ग्रेडिंग जारी हुई। इसमें दूसरे समूह के ग्रुप में जिला प्रदेश में 26वें स्थान पर है। जिले में 4738 शिकायतें लंबित होकर कुल वेटेज स्कोर 77.11 है। हालांकि राजस्व सहित अन्य विभागों ने अच्छा प्रदर्शन कर रैंकिंग सुधारी है लेकिन कुछ विभागों के कारण जिले की स्थिति प्रभावित हो रही है। जिले में कुछ शिकायतें ऐसी भी हैं जो बहुत समय से लंबित हैं। ग्रेडवार जारी रैंकिंग में जिलों को दो समूहों में विभक्त किया किया है। ए समूह में अधिक शिकायत वाले जिले शामिल हैं जबकि दूसरे समूह में शिकायतों की संख्या कम है।

जानकारी के अनुसार जिले में संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज 45.35 प्रतिशत, 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 11.92, निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज 10 फीसदी, नॉट अटेंडेंट शिकायतों का वेटेज 9.84, कुल वेटेज स्कोर 77.11 होकर बी रेटिंग पर है। राहत की बात यह है कि कुछ विभागों ने अपनी रैंकिंग भी सुधारी है। राजस्व विभाग जहां सी व डी ग्रेड से ऊपर नहीं उठता था, इस बार सुधार करते हुए बी श्रेणी में पहुंचा है। लीड बैंक की स्थिति शिकायतों के निवारण में ठीक नहीं है। इसके अलावा पंचायत ग्रामीण विकास, नगर पालिका सहित अन्य विभागों में भी शिकायतों की संख्या अधिक हैं।




**गंदगी जैसी शिकायतों का नहीं हो रहा निराकरण**

सिर्फ शहरवासी नहीं ग्रामीण भी गंदगी के हाल से बेहाल हैं। महेश कुमावत कुचड़ौद ने बताया बस स्टैंड प्रतीक्षालय के नीचे नाले में काफी गंदगी है, कचरे का ढेर लगा है 2 महीने पहले पंचायत सरपंच सचिव को अवगत करा दिया था लेकिन ध्यान नहीं दिया। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की, लेवल -1 पर शिकायत का निराकरण नहीं हुआ, शिकायत लेवल-2 पर है।

### बाइक सवार से 2 लाख की अफीम बरामद

## रिमांड अवधि के दौरान अफीम देने और लेने वाले का पता लगाएगी पुलिस

**मंदसौर।** की नारायणगढ़ थाना पुलिस ने बाइक सवार एक आरोपी कब्जे से 1 किलो 300 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत दो लाख रुपए बताई गई है।

नारायणगढ़ थाना पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बाइक सवार एक शख्स तस्करी के रास्ते अफीम की डिलीवरी देने जाने वाला है। इसी आधार पर पुलिस ने बीती रात में थाना क्षेत्र ने झारडा मैन रोड़ पुलिया बालाजी मंदिर के निकट नाकाबंदी करते हुए बाइक क्रमांक एमपी ४४ एमसी 8926 को रोककर बाइक सवार के कब्जे से 1 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अर्जुन मेघवाल पिता सुरेश चंद्र मेघवाल उम्र 32 वर्ष निवासी अचलपुरा मनासा जिला नीमच का होना बताया। बरामद किए गए मादक पदार्थ अफीम की कीमत करीब 2 लाख रुपए आंकी जा रही है।

मामले में नारायणगढ़ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने रिमांड मांगा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी अवैध मादक पदार्थ कहां से लेकर आया था और किसे देने जा रहा था पुलिस इसकी जानकारी जुटाएगी।

## ग्रीष्मकाल में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें-अग्रवाल

### कलेटर ने की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा- कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश


**नीमच।** जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल में सम्भावित पेयजल संकट के समाधान के लिए कार्ययोजना अभी से तैयार कर लें। ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी क्षेत्रों में पंचायतों व निकायों के माध्यम से पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। यह निर्देश कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, कार्यपालन यंत्री लोक स्वा.यांत्रिकी, सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनपद सीईओ और लोक स्वा.यांत्रिकी विभाग ग्राम पंचायत वार पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर लें और गर्मी में यदि पेयजल संकट की सम्भावना हो, तो निजी पेयजल स्त्रोत को अधिगृहण के लिए चिन्हित कर लें। ग्रामीण व शहरी नल-जल योजनाओं के संधारण



मरम्मत, पाईपलाईन सुधार, हेण्डपम्?पों की मरम्मत, पाईप लाईन बढाने व सिंगल फेज विद्युत पम्प स्थापना के कार्य अभी से कर लिये जाये, ताकि गर्मी में पेयजल संकट की समस्या का सामना ना करना पडे। बैठक में बताया, गया कि रामपुरा नगर, जावद, रतनगढ, मनासा नगर, डीकेन, सरवानिया महाराज, सिंगोली, नीमच शहर में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से हो रही है। नयागांव, व अन्य नगरीय निकायों में भी पेयजल की कोई समस्या नही है और ग्रीष्मकाल में भी पेयजल आपूर्ति के लिए पर्याप्त जल उपलब?ध है। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि सभी सीएमओ व सीईओ क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की ग्रीष?मकाल को देखते हुए समीक्षा कर ले और कार्ययोजना बना लें। पाईपलाईन विद्युत पम्प व अन्य सामग्री की उपलब्धता अभी से सुनिश्चित कर लें, जिससे, कि गर्मी में कोई समस्या ना रहे।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर











### तारापुर की 500 बेडशीट अस्पताल को प्रदान

**एमएसएमई मंत्री ने प्रदान की बेडशीट**



**नीमच।** जिले के जावद विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा का समापन नगर परिषद जावद से मंगलवार को हुआ। विकास यात्रा के अंतिम पडाव में एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा द्वारा जावद क्षेत्र के तारापुर में कार्यरत हाथकरघा के शिल्पकारों का उत्साहवर्धन करने और उनके उत्पादो को प्रोत्साहित करने के लिए 500 बेडशीट क्रय कर, जावद के शासकीय अस्पताल को प्रदान की गई है। इस मौके पर जन-प्रतिनिधिगण, गणमान्य नगरिक, एसडीएम शिवानी गर्ग व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।















साप्ताहिक
मालवा फर्स्ट
समाचार पत्र के शुभारंभ पर हार्दिक शुभकामनाएं

हम सबको बांधे स्वच्छता की डोर, चलो बढ़ें स्वच्छ भारत की ओर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023



स्वच्छ इलाका, स्वच्छ डगर,
स्वच्छ रहेगा मेरा नगर



श्रीमती डॉ. सीमा अजय तिवारी
अध्यक्ष



महेन्द्र वशिष्ट
मुख्य नगरपालिका अधिकारी



किशोर जोलानिया
उपाध्यक्ष

स्वच्छता संदेश
एक कदम स्वच्छता की ओर।
नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखे।
गीला सूखा कचरा पृथक पृथक डाले।

पार्षदगण:: – श्रीमती निलिमा मारू, श्री राजू माली, श्रमती अनुसुईया राठौर, श्रीमती प्रियंका राठौर, श्री बाबूलाल कछावा, श्रीमती मंजू राठौर, श्रीमती अर्चना झंवर, श्री प्रवीण जोनवाल, श्री सत्यनाराय लक्षकार, श्रीमती हिना सहगल, श्रीमती ज्योति मून्दडा, श्रीमती आमना बी, श्री दशरथ खाटवा एवं समस्त कर्मचारीगण
नगर परिषद मनासा, जिला– नीमच (मप्र)

स्वच्छ नीमच सुन्दर नीमच
आज़ादी का अमृत महोत्सव
स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

## होम कंपोस्टिंग : प्रक्रिया विधि


**पहला चरण** - एक खाली मटका लें। मटके के निचले तल पर बारीक छेद करें। मटके के नीचे एक प्लास्टिक का डिब्बा रखें।

**दूसरा चरण** - अब उस लिए गए मटके या ड्रम या बर्तन में **गीले कचरे को छोटे-छोटे टुकड़े करके डालें** तथा इस प्रक्रिया को प्रतिदिन मटका भरने तक दोहराएं। मटके के नीचे रखे प्लास्टिक के डिब्बे में लीचेट संग्रहित हो जाएगा, जिसे मटके में फिर से डाला जा सकता है।

**तीसरा चरण**- गीले कचरे के ऊपर अब हल्का सा खाद का पाउडर डालें। पाउडर न हो तो पुराना बना खाद भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

**चौथा चरण** - अब आप मटके को ढँक दीजिए एवं प्रतिदिन इस क्रम को मटके के भरने तक दोहराएं। मटका भरने के पश्चात उसे 20 दिवस तक ढँक कर रख दें।

**पांचवा चरण**- 20 से 25 दिवस पश्चात इसी बारीक मिश्रण को खाद के रूप में उपयोग करें।



मटका कम्पोस्टिंग



श्रीमती गरिमा पाटीदार
मुख्य नगरपालिका अधिकारी



श्रीमती रंजना परमाल
उपाध्यक्ष



श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा
अध्यक्ष

नगर पालिका परिषद, नीमच

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: 9407423966। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।